# निजी चीनी मिलों की कुर्की शुरू

- पेराई शुरू कराने के लिए सरकार ने बढ़ाया दबाव, नौ बड़ी मिलों के खिलाफ की कार्रवाई

जागरण ब्यूरो, लखनऊ : निजी चीनी मिलों के खिलाफ सरकार ने तेवर सख्त कर लिए हैं। साथ ही नौ बड़े चीनी मिल समूहों के खिलाफ कुर्की और ब्याज समेत रकम वसूली का निर्देश दिया है। इन पर अरबों रुपये का गन्ना मूल्य बकाया है। इसके बावजूद किसानों का आक्रोश शांत नहीं हो रहा है। लखीमपुर के 12 किसानों ने इच्छा मृत्यु मांगी है। विपक्षी दलों और किसान संगठनों का जिलों और मिलों पर धरना प्रदर्शन का दौर शनिवार को भी जारी रहा।

प्रमुख सचिव राहुल भटनागर ने शनिवार को विभागीय बैठक के बाद बताया कि निश्चित तिथि के अनुसार पेराई शुरू न करने वाली चीनी मिलों पर कठोर विधिक कार्रवाई होगी। जिलाधिकारी कुर्की से लेकर गिरफ्तार की कार्रवाई भी करेंगे। मिलों पर रिसीवर नियुक्त करने के सवाल पर भटनागर ने कहा, नियत समय पर पेराई शुरू न करने पर सभी आवश्यक कदम भी उठाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि अब तक 31 चीनी मिलों में पेराई शुरू हो गई है। इनमें 22 सहकारी, एक निगम व आठ निजी क्षेत्र के मिलें हैं। दस निजी मिलों ने पेराई शुरू करने का लिखित आश्वासन दिया है।

## मोदी शुगर मिल के प्रबंधकों पर रिपोर्ट दर्ज

गाजियाबाद : डीएम के निर्देश पर शनिवार की देर रात मोदी शुगर मिल के प्रबंध निदेशक उमेश मोदी सहित चार प्रबंधकों के खिलाफ मोदी चीनी मिल न चलाने व गत वर्ष का बकाया भुगतान न करने सहित विभिन्न आरोपों के तहत गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## किसान के बेटे को मिलेगी नौकरी

लखीमपुर : बकाये का भुगतान न होने से परेशान और कर्ज में दबे किसान सत्यपाल की खुदकुशी के मामले में मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने पीड़ित परिवार के जख्मों पर मरहम लगाने की कोशिश की। शनिवार को मुख्यमंत्री के निर्देश पर गोला विधायक विनय तिवारी व सपा जिलाध्यक्ष शशांक यादव ने सत्यपाल के घर पहुंचे। परिवारीजनों को बताया कि मुख्यमंत्री ने मृतक के बेटे की शिक्षा पूरी हो जाने के बाद सरकारी नौकरी देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री कोष से पांच लाख रुपये भी दिए जाएंगे।

दैनिक जागरण

1/12/13